14.04 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the House shall take up Matters under Rule 377.

Title: Need to construct a bridge on Chambal River at Usedghat, Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों को जोड़ने वाली चम्बल नदी के उसेद घाट पर तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा पुल का शिलान्यास किया गया था, परन्तु उक्त पुल का निर्माण आज तक नहीं हो सका। उक्त पुल के बनने से उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद एवं मध्य प्रदेश के मुरैना जिलों को काफी लाभ होगा। लाखों वाहनों को न केवल सुलभ रास्ता मिलेगा बल्कि देश के कीमती तेल की बचत भी होगी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाये।